नवभारत
www.navbharatlive.com

# कारंजा लाड में जन सुरक्षा शिविर

## नागरिकों का मिला उत्स्फूर्त प्रतिसाद



■ **वाशिम, ब्यूरो.** भारतीय स्टेट बैंक और जिला अग्रणी बैंक, वाशिम के सहयोग से कारंजा लाड में एक जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया था. शिविर की अध्यक्षता में भारतीय रिज़र्व बैंक नागपुर के क्षेत्रीय संचालक सचिन शेंडे उपस्थित थे. इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर की उप महाप्रबंधक अंजना श्यामनाथ, भारतीय स्टेट बैंक अमरावती की उप महाप्रबंधक शशि रंजन, भारतीय स्टेट बैंक अकोला के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार सिंह, भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक किस्ले कुमार और भारतीय रिज़र्व बैंक नागपुर के जिला प्रबंधक हर्षल चितलीकर उपस्थित थे. कारंजा लाड स्थित सभी बैंक शाखा प्रमुखों ने भी शिविर में भाग लिया.विभिन्न ग्राम पंचायतों के दो सौ से अधिक नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और उत्स्फूर्त प्रतिसाद दिया. क्षेत्रीय संचालक सचिन वाई. शेंडे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में नागरिकों से अपने बैंक खातों की केवाईसी पूरी करने और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा जीवन ज्योति बीमा योजनाओं का लाभ उठाने का आवाहन किया. उप महाप्रबंधक अंजना श्यामनाथ ने उन्हें आरबीआई लोकपाल के बारे में मार्गदर्शन दिया.

**लाभ उठाने का आह्वान :** उप महाप्रबंधक शशि रंजन ने अटल पेंशन योजना का महत्व समझाते हुए सभी युवाओं से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया. जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक यशवीर कुमार ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि वाशिम जिले ने अटल पेंशन योजना के तहत राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया.

इस अवसर पर नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने ग्राम पंचायत के शिविर या नजदीकी बैंक शाखा में जाकर अपने खातों की केवाईसी करवाएँ और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ. यह जानकारी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक यशवीर कुमार ने दी.

CMYK